# भांकरोटा एल.पी.जी. टैंकर ब्लास्ट में घायल हुए दो और लोगों की मौत

## जयपुर-अजमेर एक्सप्रेस हाईवे पर 20 दिसंबर को सुबह पौने छह बजे हुआ था हादसा

**जयपुर** (कासं)। अजमेर-जयपुर एक्सप्रेस हाईवे पर भांकरोटा में एलपीजी गैस टैंकर ब्लास्ट में गंभीर रूप से झुलसे 2 और लोगों ने मंगलवार को एसएमएस अस्पताल में दम तोड़ दिया। इसी के साथ मरने वालों की संख्या 15 हो गई है। इसमें एक पूर्व आईएएस भी शामिल है। जयपुर-अजमेर हाईवे पर 20 दिसंबर की सुबह करीब पौने छह बजे हादसा हुआ था।

इस घटना को लेकर टैंकर के ड्राइवर से पुलिस में सामने आया कि दूसरे ट्रक की टक्कर से गैस के नोजल टूटने की आवाज आई थी। तेज आवाज के साथ गैस लीक होने लगी। मैने गाड़ी में रखा अपना मोबाइल उठाया और कूदकर अजमेर की ओर भाग गया था। करीब 200 मीटर आगे ही गया था कि टैंकर में आग लग गई थी। आग के गोले सड़क पर फैलने लगे थे। जयपुर में एलपीजी ब्लास्ट मामले में पुलिस ने टैंकर ड्राइवर से मंगलवार को पूछताछ की है।

**■ मृतकों की संख्या बढ़कर 15 हुई, अभी भी 20 लोगों का उपचार चल रहा है।**

एसीपी बगरू हेमेंद्र कुमार शर्मा के अनुसार, मथुरा के रहने वाले ड्राइवर जयवीर सिंह ने पुलिस को बताया कि 20 दिसंबर की सुबह 5.44 बजे की बात है। रिंग रोड पर जाने के लिए कट से यू टर्न ले रहा था। टर्न लेने के बाद गैस टैंकर को मुख्य रोड की तरफ कर रहा था। इसी दौरान पीछे से किसी बड़ी गाड़ी ने टक्कर मारी। पुलिस को जयवीर सिंह ने बताया कि हादसे के दौरान मैं गाड़ी में अकेला ही था। टैंकर से निकली गैस आग का गोला बन कर सड़क पर फैलने लगी। इसके बाद मैं रिंग रोड पर जाकर रुका। मैंने फोन कर ट्रक मालिक अनिल कुमार को घटना की जानकारी दी। इसके बाद मोबाइल को बंद कर लिया। एलपीजी टैंकर के मालिक अनिल कुमार को भी थाने बुलाया है। वह दिल्ली के रहने वाले हैं। अनिल से भी पूछताछ की जाएगी। ड्राइवर जयवीर से मिली जानकारी की पुष्टि को लेकर पुलिस काम कर रही है।

पुलिस, एफएसएल और ट्रैफिक की टीम मंगलवार दोपहर करीब 12:30 बजे हादसे वाली जगह पर जांच करने पहुंची। टीम के पास क्रेश लैब इंटरसेप्टर भी थी। इसकी मदद से रोड इंजीनियरिंग में आ रही खामियों को देखा गया। रोड पर चलते समय गाड़ियों का बैलेंस बिगड़ना, रोड का संकरा-चौड़ा होना, रोड पर गाड़ियों के उछलने के कारणों को लेकर टीम जांच कर रही है। एसएमएस हॉस्पिटल के प्लास्टिक सर्जन डॉक्टर राकेश जैन ने बताया कि 15 लोगों की मौत हो चुकी है। मंगलवार को एटा (उत्तर प्रदेश) के रहने वाले नरेश बाबू और नूंह (हरियाणा) के यूसुफ ने इलाज के दौरान दम तोड़ा। 4 गम्भीर रूप से घायल मरीजों को वेंटिलेटर पर रखा गया है। इनको मिलाकर कुल 20 का इलाज चल रहा है। इसके अलावा कुल 5 अन्य मरीजों को डिस्चार्ज किया जा चुका है। 3 को सोमवार को और 2 को मंगलवार को हॉस्पिटल से डिस्चार्ज किया गया।

गौरतलब है कि अजमेर रोड पर भांकरोटा में डीपीएस स्कूल के पास 20 दिसंबर को हादसे में 4 लोग मौके पर ही जिंदा जल गए थे। 8 लोगों ने सवाई मानसिंह हॉस्पिटल में इलाज के दौरान दम तोड़ा था। 1 मौत जयपुरिया हॉस्पिटल में हुई थी। टेलर की टक्कर से टैंकर के 5 नोजल टूट गए और 18 टन (180 क्विंटल) गैस लीक हो गई थी। इससे इतना जोरदार धमाका हुआ था कि पूरा इलाका आग के गोले में तब्दील हो गया था। जहां टैंकर में ब्लास्ट हुआ था, उससे करीब 200 मीटर दूर एलपीजी से भरा एक और टैंकर था। गनीमत रही कि उसने आग नहीं लगी।

## भांकरोटा में लकड़ी की फैक्ट्री में आग

**जयपुर** । भांकरोटा इलाके में सोमवार देर रात लकड़ी की एक फैक्ट्री में भीषण आग लग गई। आग ने कुछ ही समय में विकराल रुप धारण कर लिया। आग की सूचना पर बिंदायक और मानसरोवर से आधा दर्जन दमकल मौके पर पहुंची और करीब दो घंटे में आग पर काबू पाया। आग से लाखों रुपए का कच्चा व तैयार माल जलकर स्वाहा हो गया। घटना के समय करीब आधा दर्जन मजदूर फैक्ट्री में सो रहे थे। समय रहते मजदूर बाहर निकल आए वरना बड़ा हादसा हो सकता है। फैक्ट्री मालिक ने आग बुझाने का प्रयास किया। आग बुझाने के प्रयास में फैक्ट्री मालिक झुलस गया। झुलसे फैक्ट्री मालिक का अस्पताल में उपचार जारी है।

पुलिस के अनुसार भांकरोटा में सूर्य नगर बी-3 स्थित एक लकडी की फैक्ट्री में रात करीब डेढ़ बजे अचानक आग लग गई। फैक्ट्री से धुआं निकलता देखकर आस-पास के लोगों ने पुलिस को सूचना दी। आग ने कुछ ही समय में विकराल रुप धारणकर लिया। आग लगते ही वहां पर सो रहे कर्मचारियों में अफरा तफरी मच गई। घटना की सूचना पर फैक्ट्री मालिक सुखलाल प्रजापत भी मौके पर पहुंचा। फैक्ट्री मालिक ने मौके पर पहुंच कर कर्मचारियों की मदद से आग बुझाने का प्रयास किया।

## सार-समाचार

### "नॉस्टैल्जिया 2024" का आयोजन



**जयपुर** । बैनाड रोड जयपुर स्थित श्री बालाजी शिक्षा समिति के अंतर्गत आने वाले संस्थानों-श्री बालाजी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, श्री बालाजी पीजी महाविद्यालय, श्री बालाजी कॉलेज ऑफ फार्मेसी, और श्री बालाजी टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज ने संयुक्त रूप से अलुमनी मीट "नॉस्टैल्जिया 2024" का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में देशभर के नामी सरकारी एवं गैरसरकारी संगठनों जैसे आईटी कंपनियों, फार्मा सेक्टर, शिक्षण संस्थानों, और सरकारी विभागों में कार्यरत पूर्व छात्रों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। बाहरी शहरों और विदेशों से भी आए पूर्व छात्रों ने इस आयोजन में भाग लिया और अपने कॉलेज के पुराने दिनों की यादें ताजा कीं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ई.भागीरथ पूनिया (चेयरमैन बालाजी शिक्षा समिति) रहे। इस आयोजन में अनुभव साझा करने, और विचारों के आदान-प्रदान पर विशेष ध्यान दिया गया। पूर्व छात्रों ने अपनी प्रोफेशनल जर्नी और कॉलेज के योगदान को साझा किया, जिससे वर्तमान छात्रों को प्रेरणा मिली। साथ ही, छात्रों और पूर्व छात्रों के बीच संवाद सत्र आयोजित किए गए। इस मौके पर जगदीश पूनिया (मैनेजिंग डायरेक्टर, एसबीएसएस), सुरेंद्र सिंह चौधरी (कार्यकारी समन्वयक, एसबीएसएस), अंजना पूनिया (संयोजक, नॉस्टैल्जिया 224), डॉ. पंकज मील (संयोजक, नॉस्टैल्जिया 224), और श्रीनाथ टेलर (समन्वयक, नॉस्टैल्जिया 224) ने भी भागीदारी निभाई।

### विष्णु टांक को पिंकसिटी रनर अवार्ड



**जयपुर** । देश-विदेश की कई मैराथन में भाग लेकर जयपुर शहर का नाम रोशन कर चुके वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर धावक विष्णु टांक को "पिंकसिटी रनर ऑफ द ईयर 2024" के अवॉर्ड से नवाजा गया है। उन्हें यह पुरस्कार वरिष्ठ रनर अरुण सिंह ने दिया है। अरूण सिंह ने कहा कि व्यस्ततम दिनचर्या की भाग-दौड़ के बीच खुद को सेहतमंद और फिट रखना बेहद जरूरी है। शारीरिक फिट रहेंगे तो स्वस्थ रहेंगे। जयपुर के वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर विष्णु टांक, स्वयं को तो फिट रखते ही है, साथ में आमजन को भी स्वस्थ और फिट रहने के लिए टिप्स देते है। विष्णु टांक देश-विदेश में कई मैराथन में भाग ले चुके हैं और कई रिकॉर्ड अपने नाम कर चुके हैं। इन्होंने अपना बनाया रिकॉर्ड भी कई बार तोड़ा है। आयोजक मनोज सोनी ने बताया कि पहली बार है कि पिछले 4 सालों से यह अवार्ड लगातार विष्णु टांक अपने नाम कर रहे हैं। इन्हें जयपुर के प्रतिष्ठित अवार्ड "स्टार रनर ऑफ द ईयर पिंक सिटी" के अवार्ड से सम्मानित किया जा रहा है। उन्होंने पूरी पिंक सिटी रनर की टीम को धन्यवाद दिया और मंच से सभी को फिटनेस के बारे में बताया। विष्णु टांक ने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को भी नियमित रूप से व्यायाम करने और दौड़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि हर इंसान को स्वस्थ रहने के लिए दौड़ना चाहिए।

### प्रखर राजस्थान की तैयारियों पर चर्चा

**जयपुर** । शिक्षा संकुल में मंगलवार को प्रखर राजस्थान के द्वितीय चरण की तैयारियों और हॉलिस्टिक प्रोग्रेस कार्ड की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता राज्य परियोजना निदेशक एवं आयुक्त अविचल चतुर्वेदी ने की। इस बैठक में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत परख द्वारा विकसित एचपीसी के मुद्रण, शिक्षकों के लिए संदर्शिका सामग्री की उपलब्धता और प्रखर राजस्थान के तहत अगले तीन माह की कार्य योजना पर विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान आरएससीईआरटी द्वारा तैयार एचपीसी फाउंडेशन स्टेज और प्रिपरेटरी स्टेज के विद्यालय स्तर पर क्रियान्वयन की रणनीति पर चर्चा की गई। अधिकारियों ने विद्यालयों में परीक्षाफल रिकॉर्ड संधारण को व्यवस्थित करने के लिए अपने सुझाव साझा किए। समीक्षा बैठक में प्रखर राजस्थान के तहत कक्षा कक्षीय प्रक्रियाओं, शिक्षण योजनाओं एवं आगामी तीन माह की कार्य योजना पर चर्चा हुई। इसके लिए अभियान के अगले चरण में विद्यालय स्तर पर प्रभावी कार्यान्वयन के लिए विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही अभिभावकों की सहभागिता को मजबूत करने के उपायों एवं विद्यार्थियों के आकलन के लिए संचालित अन्य विभागीय कार्यक्रमों का विश्लेषण किया गया।

### मुख्यमंत्री ने दी वाजपेयी जयंती की बधाई

**जयपुर** । मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी एवं सुशासन दिवस (25 दिसम्बर) पर शुभकामनाएं दी है। शर्मा ने कहा कि वाजपेयी बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे। वे एक कुशल राजनीतिज्ञ, प्रखर वक्ता और दूरदर्शी नेता थे, जिनके नेतृत्व में देश ने कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी द्वारा शुरू की गई स्वर्णिम चतुर्भुज सड़क परियोजना, प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना और सर्वशिक्षा अभियान जैसे जन-कल्याणकारी निर्णयों ने देश के विकास को नई गति दी। उनके नेतृत्व में मई 1998 में पोकरण में किए गए परीक्षण से भारत परमाणु शक्ति के रूप में उभरा। मुख्यमंत्री ने आमजन से उनके जीवन और कार्यों से प्रेरणा लेते हुए राष्ट्र कल्याण के लिए समर्पित, प्रतिबद्ध और निर्भीक होकर कार्य करने का आव्हान किया।

### कांग्रेस ने अंबेडकर सम्मान मार्च निकाला

**जयपुर** । केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की ओर से डॉ भीमराव अंबेडकर के खिलाफ आपत्तिजनक एवं असम्मानजनक टिप्पणी के विरोध में पीसीसी के आव्हान पर मंगलवार को अमित शाह के माफी मांगने एवं बर्खास्तगी की मांग को लेकर जयपुर शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा जिलाधीश कार्यालय जयपुर तक "डॉ भीमराव अंबेडकर सम्मान मार्च" निकाला गया। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जयपुर शहर कांग्रेस अध्यक्ष आर आर तिवाडी के नेतृत्व व पूर्व मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास, अमीन कागजी, पूर्व विधायक गंगा देवी, विधायक प्रत्याशी अर्चना शर्मा की उपस्थिति में सबसे पहले डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की तस्वीर पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि की। उसके बाद नारे लगाते हुए पूर्व युवा कांग्रेस कार्यालय के बाहर से सवाई जयसिंह रोड पर सैकड़ो कार्यकर्ताओं के साथ सम्मान मार्च आरंभ हुआ। केंद्रीय मंत्री अमित शाह द्वारा डॉ भीमराव अंबेडकर के खिलाफ की गई अभद्र, असम्मानजनक टिप्पणी के विरोध में "डॉ भीमराव अंबेडकर सम्मान मार्च" कर जिलाधीश कार्यालय पर राष्ट्रपति के नाम कार्यकर्ताओं के अंदर नहीं जाने देने पर गेट पर ही एडीएम जयपुर को अमित शाह के माफी एवं बर्खास्तगी की मांग को लेकर ज्ञापन दिया गया।

### मुख्यमंत्री सद्भावना केन्द्र का उद्घाटन



**जयपुर** । नगर निगम ग्रेटर मुख्यालय पर महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर ने मंगलवार को मुख्यमंत्री सद्भावना केन्द्र का उद्घाटन किया। इस दौरान चैयरमेन लक्ष्मण नूनीवाल, अतिरिक्त आयुक्त सीमा कुमार, उपायुक्त स्वास्थ्य ओम प्रकाश थानवी, वित्तीय सलाहकार सुनील सोनी सहित संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। इस दौरान कलेक्शन ड्राइव भी आयोजित की गई। जिसमें महापौर ने घर से लाया हुआ सामान जमा करवाया। महापौर ने बताया कि मुख्यमंत्री की इस अभिनव पहल से जरूरतमंदों के चेहरे पर खुशियां लाई जा सकती है। मुख्यमंत्री सद्भावना केन्द्र निगम मुख्यालय समेत 8 स्थानों पर बनाये गये है। जहां दूर-दूर से लोग आकर खिलौने, कपड़े, जूते इत्यादि सामान जमा करवा रहे है। ताकि यह सामग्री जरूरतमंदों तक पहुंचायी जा सके।

# वर्ल्ड ट्रेड पार्क के फूड कोर्ट व 360 डिग्री रेस्टोरेंट पर स्वास्थ्य टीम ने कार्रवाई की

## कहीं पुरानी ग्रेवी, सड़ी-गली सब्जियां व बेकार पनीर ग्राहकों को परोसा जा रहा था तो कहीं पर वेज-नॉनवेज भी किचन में अगल-बगल पकाते हुए मिले

**जयपुर** । मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल और चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर के मार्गदर्शन में प्रदेशभर में मिलावट के खिलाफ निरंतर अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में खाद्य सुरक्षा आयुक्त इकबाल खान के निर्देशन में मंगलवार को जयपुर में विभिन्न स्थानों पर निरीक्षण कार्रवाई की गई।

अतिरिक्त आयुक्त पंकज ओझा ने बताया कि नए साल के सेलिब्रेशन को देखते हुए खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा कई जगह पर रेस्टोरेंट और क्लब्स में निरीक्षण कार्रवाई की गई। वर्ल्ड ट्रेड पार्क के फूड कोर्ट में वेजीटेरियन चॉइस पर खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम पहुंची तो काफी अनियमितताएं सामने आई। कई दिन पुरानी ग्रेवी और पहले से तैयार खाद्य सामग्री डीप फ्रिज में रखकर ग्राहकों को परोसी जा रही थीं। तैयार फूड गंदगी के पास ही रखा हुआ था। इस पर लगभग 60 किलो खाद्य सामग्री मौके पर ही नष्ट करवाई गई। वर्ल्ड ट्रेड पार्क के फूड



कोर्ट में ही इंग्लिश रसोई रेस्टोरेंट के निरीक्षण में वेज और नॉनवेज दोनों एक साथ रखे हुए पाए गए और एक साथ ही अगल-बगल में पकाते हुए मिला। साथ ही, काफी गंदगी पाई गई। यहां बर्गर किंग का भी सघन निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। वर्ल्ड ट्रेड पार्क के फूड कोर्ट में ही बिस्ट्रो 57 के निरीक्षण में कोल्ड स्टोरेज में दिल्ली से मंगवाए गए बिना ब्रांड के फ्रोजन मोमोज पाए गए, जो डीप फ्रीजर में रखे हुए थे। इन पर कोई टैगिंग नहीं थी। इसी प्रकार टोंक रोड स्थित अप एंड अप रूफटॉप क्लब में गंभीर अनियमितताएं पाई गई। यहां पर बदबू वाला सब स्टैंडर्ड पनीर मिला, जो प्लास्टिक की पैकिंग में रखा गया था। कई दिन पुरानी ग्रेवी पाई गई। वेज और नॉनवेज दोनों एक साथ रखे हुए पाए गए। फ्रिज में रखी हुई हरी सब्जियां खराब हो चुकी थीं। क्लब में ढेर सारी ऐसी अखाद्य सामग्री को मौके पर ही नष्ट कराया गया। यहां पर अमूल बटर और पाम तेल से बने हुए बटर दोनों को एक साथ मिलाकर रखा हुआ था और उसे मिलाकर उपयोग किया जा रहा था।

टीम द्वारा राज मंदिर के पास 360 डिग्री रेस्टोरेंट का भी निरीक्षण किया गया। यहां एक्सपायरी डेट के टॉपिंग्स, सॉस आदि उपयोग किए जा रहे थे। सड़ी हुई पत्ता गोभी एवं अन्य पुरानी खाद्य सामग्री मिली, जिन्हें नष्ट कराया गया। इसके अतिरिक्त बिना टैग की भी खाद्य सामग्री पाई गई। फ्रिज में एक ही साथ वेज और नॉनवेज रखा हुआ मिला। सभी अखाद्य पदार्थ नष्ट करवाए गए और सैंपल लिए गए। भगवानदास रोड पर नाइट हाउस क्लब का भी निरीक्षण किया गया और जवाहर कला केंद्र में भी निरीक्षण का फूड स्टॉल वेंडर्स को और अधिक साफ सफाई रखने हेतु निर्देशित किया गया। कार्यवाही में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर प्रथम की टीम के नरेंद्र शर्मा, रतन गोदारा एवं पवन गुप्ता शामिल रहे।

## भाजपा प्रचंड बहुमत से दिल्ली में सरकार बनाएगी : पूनिया




डॉ. सतीश पूनिया ने दिल्ली में संगठनात्मक बैठकें ली।

**जयपुर** (कासं)। आगामी दिल्ली विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर भाजपा हरियाणा प्रभारी, पूर्व प्रदेशाध्यक्ष भाजपा राजस्थान डॉ. सतीश पूनिया ने दिल्ली के नजफगढ़ जिले की विकास पुरी, उत्तम नगर एवं मटियाला विधानसभा क्षेत्रों के प्रमुख कार्यकर्ताओं के साथ संगठनात्मक बैठकें की। सतीश पूनिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में हरियाणा, महाराष्ट्र, राजस्थान इत्यादि राज्यों की तरह भाजपा प्रचंड बहुमत के साथ दिल्ली में सरकार बनाएगी, नजफगढ़ से लेकर समस्त दिल्ली की जनता भाजपा को आशीर्वाद देकर विजय बनाने का मन बना चुकी है, क्योंकि भाजपा भरोसा है और विकास का विजन है, ऐसे में भाजपा की सरकार बनने पर दिल्ली में हर क्षेत्र में बुनियादी विकास प्रतिबद्धता के साथ होगा।

# मातृ भाषा राष्ट्र निर्माण का आधार : देवनानी

**जयपुर** । विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने मातृभाषा की संविधानिक स्थिति का जिक्र करते हुए भाषा के मूल्य बोध को बताया। उन्होंने कहा कि विकसित भारत की यात्रा केवल आर्थिक विकास तक सीमित नहीं हो सकती। इसे वास्तविक रूप में सफल बनाने के लिए हमें सामाजिक समावेश और मातृभाषा गौरव को अपने राष्ट्र निर्माण के मूल आधार के रूप में स्वीकार करना होगा। एक सशक्त राष्ट्र वही बन सकता है, जहां पर मातृभाषा के प्रति उचित सम्मान हो।

उन्होंने बताया कि कोई भी देश तब तक विकास नहीं कर सकता जब तक की उसकी राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर खुद की भाषा न हो। भाषा किसी भी देश की संस्कृति और सभ्यता की संवाहक होती है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 भी भारत के शैक्षिणक परिदृश्य में भारतीय भाषाओं को पहचानने, स्वीकार करने और उनका प्रसार करने के लिए पूर्ण प्रतिबद्ध दिखाई देती है। बालक की प्रारंभिक शिक्षा मातृभाषा में होनी चाहिए, क्योंकि मातृभाषा में शिक्षा वैज्ञानिक और शास्त्र-सम्मत होती है, जो बालक के समग्र विकास के लिए सबसे उपयुक्त है। सामाजिक अपवर्जन एवं समावेशी नीति अध्ययन केंद्र , राजस्थान विश्वविद्यालय एवं विद्या



**राजस्थान विश्वविद्यालय में मंगलवार को "विकसित भारत के लिए मातृभाषा गौरव" विषय पर परिचर्चा कार्यक्रम में स्पीकर वासुदेव देवनानी का स्वागत कुलपति प्रो. अल्पना कटेजा ने की।**

भारती के संयुक्त तत्वावधान में "विकसित भारत के लिए मातृभाषा गौरव" विषय पर परिचर्चा का आयोजन मंगलवार को राजस्थान विश्वविद्यालय के मानविकी सभागार में आयोजित किया गया। परिचर्चा की प्रस्तावना माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान के पूर्व अध्यक्ष प्रो.भरतराम कुम्हार ने रखी। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो.अल्पना कटेजा कुलपति, राजस्थान विश्वविद्यालय द्वारा की गई। मुख्य वक्ता शिवप्रसाद संगठन मंत्री विधा भारती ने बताया कि मातृभाषा केवल संवाद का माध्यम नहीं है, बल्कि यह हमारी सोच, संस्कृति और चेतना की आधारशिला है। विशिष्ट अतिथि जयपुर जिला कलेक्टर डॉ जितेंद्र कुमार सोनी ने अपने उध्बोधन में राजस्थानी भाषा के महत्व पर प्रकाश डाला। सी.एस.एस.ई.आई.पी के निदेशक एवं आयोजन सचिव रोहित कुमार जैन ने बताया कि परिचर्चा में मातृभाषा गौरव पुस्तिका का विमोचन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाषा विशेषज्ञ, शिक्षक, शोधार्थी व अभिभावक शामिल हुए।

## बच्चों के लिए विशेष टीकाकरण अभियान 31 तक

**जयपुर** । चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर के मार्गदर्शन में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से 23 दिसम्बर से 31 दिसम्बर तक टीकाकरण का विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। इस अभियान के दौरान निर्धारित टीके से किसी कारणवश वंचित रहे बच्चों के लिए टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध करवाई जा रही है।

चिकित्सा मंत्री ने सभी अभिभावकों से अपील की है कि 2 साल तक की उम्र के अपने बच्चों को नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र अथवा आंगनबाड़ी केन्द्र पर लेकर जाएं और छूटे हुए टीके अवश्य लगवाएं।

प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने बताया कि प्रदेश में 92 प्रतिशत बच्चों का पूर्ण टीकाकरण का लक्ष्य अर्जित किया है। किसी कारणवश टीका लगवाने से वंचित रह गये बच्चों के लिए विशेष टीकाकरण अभियान संचालित कर उन्हें स्वास्थ्य सुरक्षा प्रदान की जाती है। प्रदेश में प्रत्येक गुरूवार को स्थानीय माइक्रो-प्लान के अनुसार निर्धारित दिन राजकीय स्वास्थ्य केन्द्रों व आंगनबाड़ी केन्द्रों पर और जिला अस्पताल व मेडिकल कॉलेज के सरकारी अस्पतालों में प्रतिदिन नि:शुल्क टीकाकरण होगा।

## जे.डी.ए. ने विकास कार्यों के लिए 68 करोड़ रु. मंजूर किए

**जयपुर** (कासं)। जयपुर विकास आयुक्त आनन्दी की अध्यक्षता में मंगलवार को मंथन सभागार में पीडब्ल्यूसी की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में एक आवासीय और एक वेयर हाउस योजना सृजित करने का अनुमोदन किया गया। इसके साथ ही 68 करोड़ रूपये के कार्य स्वीकृत किये गये जिससे जयपुर के विकास को गति मिलेगी।

**■ रामपुरा डाबड़ी में आवासीय तथा ग्राम सिराणी में वेयर हाऊस योजना लॉन्च करने का निर्णय**

बैठक में ग्राम बैनाड़ मय दौलतपुरा तहसील रामपुरा डाबड़ी में जेडीए स्वामित्व की भूमि पर आवासीय योजना सृजित करने का अनुमोदन किया गया। बैठक में ग्राम सिराणी मय गणपतपुरा स्थित जेडीए स्वामित्व की भूमि 7.52 हैक्ट. में सामान्य वेयर हाउस योजना सृजित करने का अनुमोदन किया गया।

बैठक में जोन-14 में लैण्ड पुलिंग स्कीम ग्राम शिवदासपुरा, चन्दलाई एवं बरखेड़ा व चाकसु में डिमार्केशन व सड़क निर्माण एवं अन्य विकास कार्यों हेतु 29.40 करोड़ रूपये की कार्योत्तर प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति का अनुमोदन किया गया।

बैठक में जोन-9 के सेक्टर रोड पर स्ट्रीट लाईट लगाने एवं झोटवाड़ा आरओबी पर स्ट्रीट लाईन लगाने के अतिरिक्त कार्य करवाये जाने हेतु स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक में जोन-11 में लैण्ड पुलिंग स्कीम ग्राम अचरावाला, जयसिंहपुरा उर्फ तेजावाला एवं अभयपुरा व डिग्गी मालपुरा रोड पर डिमार्केशन व सड़क निर्माण एवं अन्य विकास कार्यों हेतु 30.98 करोड़ रूपये की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति दी गई। इसके इलावा जे.डी.ए. की दीनदयाल नगर आवासीय योजना ग्राम भम्भोरी में 33/11 केवी जीएसएस में शेष विद्युतिकरण कार्य हेतु 3.28 करोड़ रूपये की प्रशासनिक -वित्तीय स्वीकृति दी गई। सीबीआई फाटक से 7 नं बस स्टेण्ड महल रोड, जगतपुरा तक 160 फीट रोड में आ रही एचटी-एलटी लाईन, ट्रांसफार्मर एवं आरएमयू आदि शिफ्टींग तथा स्ट्रीट लाईट्स लगाने के लिए 4.10 करोड़ रु. मंजूर किए।

# 'ई-दाखिल में राजस्थान देश में तीसरे स्थान पर'

**जयपुर** । खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामलात मंत्री सुमित गोदारा ने मंगलवार को झालाना स्थित राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस के उपलक्ष्य में "राज्य-जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में मध्यस्थता व्यवस्था एवं कंज्यूमर केयर कॉन्फ्रेंस" का शुभारंभ किया ।

गोदारा ने कहा कि उपभोक्ता संरक्षण में भारत की न्यायपालिका का बहुत बड़ा योगदान है । जिसकी हम कल्पना भी नहीं कर सकते। उपभोक्ता संरक्षण के क्षेत्र में न्यायपालिका ने महत्वपूर्ण निर्णय दिए हैं। अगली बार प्रयास किये जाये कि जिला फोरम के रोचक निर्णय को प्रेरणा स्वरूप लोगों को बताए जाएं, इससे लोगों में उत्साह बढ़ेगा। न्यायपालिका के निर्णयों से पिछले 15-20 वर्षों में सबसे बड़ा परिवर्तन क्वालिटी इंप्रूवमेंट में आया है। इससे उपभोक्ताओं को क्वालिटी का



**राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस समारोह में खाद्य मंत्री सुमित गोदारा ने उल्लेखनीय कार्य करने वाले कार्मिकों को सम्मानित किया।**

सामान मिलने लगा है इसी के आधार पर भारत की अर्थव्यवस्था 12वीं नंबर से पांचवें नंबर पर आई है। इसी की बदौलत भारत आगे बढ़ेगा।

उन्होंने कहा कि राजस्थान में ई-केवाईसी सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार करवाई जा रही है, जो राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा के लाभार्थियों को 31 दिसंबर 2024 तक करवाई जानी है अन्यथा सूची से उनका नाम हटा दिया जाएगा। हमारे जिला मंचों में अध्यक्ष व सदस्यों के लिए नया परिवर्तन किया गया है । इसमें मार्च तक 87 सदस्यों की नियुक्तियां की जाएंगी। ई-दाखिल में राजस्थान, देश में तीसरे स्थान पर है। आने वाले समय में "जागो ग्राहक जागो अभियान" को और अधिक सफल बनाएंगे साथ ही विभाग के अधिकारियों का मनोबल बढ़ाने के लिए उन्हें भी सम्मानितकिया जाएगा। न्यायाधिपति इंद्रजीत सिंह ने कहा कि किसी भी विवाद का निस्तारण मुख्यत: दो प्रकार से होता है प्रथम निर्णय से तथा द्वितीय समझौतावादी प्रक्रिया से। अब समय आ गया है कि समझौतावादी प्रक्रिया को अपनाना समाज के हित में महत्वपूर्ण है। इसमें एक तटस्थ व्यक्ति दोनों पक्षों के बीच आपसी बातचीत व समझौते के माध्यम से समाधान तक पहुंचाने में मदद करता है।

न्यायाधिपति व अध्यक्ष राजस्थान राज्य उपभोक्ता प्रतितोष आयोग देवेंद्र कच्छावा ने कहा कि उपभोक्ता मामलों में तीव्र गति से सुनवाई हो रही है। लोग न्याय की अभिलाषा से आते हैं, उन्हें शीघ्रता से न्याय नहीं मिल पाता। इसके लिए मध्यस्थता व्यवस्था के माध्यम सेप्रकरणों का निस्तारण किए जाने के प्रयास किए जाएं। राज्य - जिला विधिक प्राधिकरणों में मध्यस्थता अब विधिक प्रक्रिया के माध्यम से की जा रही है । विषय प्रवर्तन वरिष्ठ न्यायाधीश हरि ओम अत्रि ने कहा कि मध्यस्थता व्यवस्था के लिए विस्तृत नीति तैयार की गई है। उपभोक्ता विषयों के लिए राज्य- जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में मिडिएशन सेंटर शुरू किए गए हैं।

इस अवसर पर "मिडीएशन ईज ऑफ़ लिविंग -ईज ऑफ़ जस्टिस" पुस्तिका का विमोचन किया गया। कार्यक्रम में उल्लेखनीय एवं उपलब्धि पूर्ण कार्यों के लिए रुखसार, भावना दयाल, मनीष भटनागर, जयश्री शर्मा एवं देवेंद्र मोहन माथुर को प्रशस्ति पत्र के साथ शॉल ओढ़ाकर और पौधा देकर सम्मानित किया गया।

## बेटियों के सिर बंधेगा सम्मान का साफा

जयपुर। जांगिड़ विकास समिति, मुरलीपुरा का का सोलहवां प्रतिभा सम्मान समारोह बुधवार को दादी का फाटक स्थित रजत पैराडाइज में आयोजित किया जाएगा। आठवीं, दसवीं और 12 वीं की बोर्ड परीक्षा में 80 प्रतिशत या इससे अंक प्राप्त करने वाले 361 विद्यार्थियों का सम्मान किया जाएगा। पुरस्कार स्वरूप सभी विद्यार्थियों ट्रॉफी, मैडल और प्रशस्ति पत्र प्रदान किए जाएंगे। आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों को पढ़ाई के लिए स्कॉलरशिप दी जाएगी। लॉटरी सिस्टम से 25 विद्यार्थियों को साइकिल और 25 को ही स्टडी टेबल प्रदान की जाएगी। सम्मान समारोह की अध्यक्षता महासभा के राष्ट्रीय प्रधान रामपाल शर्मा करेंगे। समाज के भामाशाह अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।